प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 10.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:—**

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति श्री मोदी के समर्पित नेतृत्व का प्रमाण है।

2— प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

3— एक जुलाई से लागू होने वाले विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन के लिए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को करीब तीन हजार करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन जारी किया।

और

4— बालोद पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर बहत्तर किलो गांजा बरामद किया।

..........

**<u>नरेन्द्र मोदी—प्रधानमंत्री कार्यकाल</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। श्री मोदी ने छब्बीस मई दो हजार चौदह को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने पहली बार तेरह मई उन्नीस सौ बावन को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और सत्ताईस मई उन्नीस सौ चौंसठ तक पद पर रहे थे। पंडित नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल चार हज़ार तीन सौ अंठानवे दिन का था। छब्बीस मई दो हजार चौदह से आज दस जून दो हजार छब्बीस तक, प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर कार्यकाल अब चार हज़ार तीन सौ निन्यानवे दिन का हो गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित सभी केन्द्रीय मंत्रियों ने नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी है।

इस बीच, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार दो कार्यकाल तक सबसे लंबी अवधि में निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह उपलब्धि जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति श्री मोदी के समर्पित नेतृत्व का प्रमाण है। साथ ही यह एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों के अटूट विश्वास, सम्मान और श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को प्राप्त अभूतपूर्व जनसमर्थन का सशक्त प्रमाण है।

## नीति आयोग–शासी परिषद बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री के 'टीम इंडिया' के दृष्टिकोण के अनुरूप, इस वर्ष का विषय है– 'दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास'। शासी परिषद की बैठक में इस दृष्टिकोण को साकार करने और इसे देश के प्रत्येक नागरिक के लिए ठोस, मापने योग्य परिणामों में बदलने पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल समावेशी मानव विकास के ढांचे पर चर्चा करेंगे। यह ढांचा चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है– मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण तथा सभी के लिए समानता और गरिमा। बैठक में उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ाने तथा देश में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

बैठक में पिछले वर्ष छब्बीस से अट्ठाईस दिसंबर के दौरान आयोजित मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार विमर्श होगा।

## विकसित भारत–जी राम जी

केंद्र सरकार की नई विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन योजना एक जुलाई से लागू होगी। इस संबंध में कल केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री चौहान ने बताया कि केन्द्र सरकार ने अंतरिम आवंटन के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस योजना के लिए पंचानवे हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की है। छत्तीसगढ़ को करीब तीन हजार तीन सौ चौव्वन करोड़ रुपये का अंतरिम आवंटन जारी किया गया है।

इस राशि से ग्राम पंचायतों को सीधे लाभ मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। बैठक में श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान, ई–केवाईसी और डिजिटल व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

बिलासपुर में कल आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत का आधार सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और जनभागीदारी है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है।

**राज्यपाल–विशेष पिछड़ी जनजाति**

राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने आवश्यक कदम उठाने को कहा है। राज्यपाल से आज लोकभवन में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने डॉक्टर सिंह से विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति और वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों की शिक्षा, छात्रावास सुविधा, विद्यालयीन अधोसंरचना और शिक्षकों की उपलब्धता से जुड़े विषयों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाना चाहिए।

**पल्स पोलियो अभियान**

प्रदेश में अट्ठाईस जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जन्म से पांच वर्ष तक के तीन लाख पैंतालीस हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रायपुर जिले में एक हजार तीन सौ इकतीस पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। अभियान के दिन छूटे बच्चों को अगले दो दिनों तक घर–घर जाकर खुराक दी जाएगी।

**ओपी चौधरी–बैठक**

आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कल रायपुर क्षेत्र की विभिन्न आवासीय कॉलोनियों और हाउसिंग सोसायटियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। बैठक में सड़क, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं और अधोसंरचना विकास से जुड़े मुद्दे उठाए गए। श्री चौधरी ने

संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी हितधारकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर समस्याओं के समयबद्ध समाधान पर भी जोर दिया।

**जीपीएम हत्या/लूट–खुलासा**

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के कोटमीकला साप्ताहिक हाट बाजार में बीते छब्बीस मई को हुई एक ज्वेलरी व्यवसायी की हत्या और लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के पास से लगभग चालीस ग्राम सोना, चाल किलो से अधिक चांदी, हथियार, जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए हैं।

**गांजा–बरामद**

बालोद जिले की डौंडीलोहारा पुलिस और सायबर सेल की टीम ने गांजा तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से बहत्तर किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत छब्बीस लाख रुपये से अधिक बताई गई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने भेड़ी तिराहा पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की। इसी दौरान चार अलग–अलग मोटरसाइकिल के जरिये ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा गांजा पकड़ा गया। पुलिस ने चारों मोटरसाइकिलें भी जब्त कर ली हैं।

**धान घोटाला–आरोपी गिरफ्तार**

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सरिया पुलिस ने साल्हेओना धान खरीदी केंद्र में निन्यानवे लाख रुपये से अधिक के घोटाले के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने वर्ष दो हजार

पच्चीस–छब्बीस में तीन हजार एक सौ चालीस क्विंटल से अधिक धान खरीदी की फर्जी ऑनलाइन एंट्री दिखाकर यह घोटाला किया। वहीं, बारदाने में भी हेराफेरी की। पुलिस इस मामले में पहले ही समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर चुकी है।

**मौसम**

दक्षिण पश्चिम मानसून के अगले तीन दिनों में छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा चलने के साथ ही हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्य शासन ने गृह विभाग के सचिव रमेश कुमार शर्मा को अस्थायी रूप से सहकारिता और रजिस्ट्रार तथा सहकारी समितियों का आयुक्त नियुक्त किया है।

– दुर्ग संभाग के आयुक्त ने रिसाली नगर निगम की पार्षद पार्वती महानंद को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में नोटिस जारी कर पच्चीस जून तक जवाब मांगा है।

– जांजगीर–चांपा जिले के पुटपुरा गांव में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

–	सक्ती जिले के सेंदुरस गांव में बीते दो और तीन जून की दरम्यानी रात हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में मालखरौदा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, हत्या के बाद लूट का माल खरीदने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है।

–	कबीरधाम जिले में साइबर सेल और पुलिस की टीम ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टे का संचालन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

और

–	कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर में आज एक पटाखा गोदाम में आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>